आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.04.2026/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

मुख्य समाचार

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा–संविधान में परिसीमन के प्रावधान से हर निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का होगा तर्कसंगत वितरण।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को देश की लोकतांत्रिक यात्रा में ऐतिहासिक कदम बताया।
- प्रदेश मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेहूं, मक्की, जौ, हल्दी और अदरक के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ौतरी का लिया निर्णय।
- चैस्टर हिल ज़मीन मामले में माकपा ने राज्य सरकार से निष्पक्ष जांच व कार्यकारी मुख्य सचिव को पद से हटाने की मांग की।
- प्रदेश के सभी स्कूलों में 20 अप्रैल से आयोजित होंगे अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट शिविर।

महिला आरक्षण बिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि संविधान में परिसीमन के प्रावधान किए गए हैं और इससे प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का तर्कसंगत वितरण होगा। अमित शाह ने आज लोकसभा में संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, 2026 पर हुई चर्चा के जवाब में ये बात कही। उन्होंने कहा कि इन विधेयकों का उद्देश्य नवीनतम प्रकाशित जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण को लागू करना है।

विपक्षी गठबंधन की आलोचना करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण के संवैधानिक संशोधन का किसी ने विरोध नहीं किया, लेकिन विपक्ष के सभी सदस्यों ने खुलकर महिला आरक्षण का विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ही 1971 में परिसीमन प्रक्रिया को सीमित किया था और अब वही इसका विरोध कर रही है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की लोकतांत्रिक यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। कुल्लू में आज नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि ये निर्णय न केवल महिलाओं को सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनाएगा बल्कि राष्ट्र की निर्णय प्रक्रिया में उनकी समान और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि लोकसभा और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के संवैधानिक प्रावधान से उनके बुनियादी अधिकारों को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की।

मंत्रिमंडल

प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उत्पादित गेंहू, मक्की, जौ, हल्दी और अदरक के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ौतरी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में ये फैसला लिया गया। मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते हुए उद्योग व संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती पर विशेष बल दे रही है।

मंत्रिमंडल ने पुलिस विभाग में एक हजार पुलिस कांस्टेबल के पद सृजित कर इन्हें भरने को मंजूरी दी। इनमें से 30 फीसदी पद महिला पुलिस जवानों के लिए आरक्षित रहेंगे। इसके अलावा अग्निशमन विभाग में असिस्टेंट फायर गार्ड के 5 सौ पदों को भरने की मंजूरी भी दी गई। मंत्रिमंडल ने मैडिकल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी को दूर करने के लिए आईजीएमसी और टांडा को छोड़कर प्रदेश के अन्य चार मैडिकल कॉलेजों में सेवानिवृत मैडिकल प्रोफेसरों को हायर करने को भी स्वीकृति दी। बैठक में सेवानिवृत नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारियों को निश्चित मानदेय पर पुर्ननियुक्ति देने का निर्णय भी लिया गया।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार को सर्वसम्मति से भारतीय ग्रैपलिंग संघ, जीएफआई का नया चैयरमैन नियुक्त किया गया है। भारतीय ग्रैपलिंग के महासचिव सुबोध कुमार यादव ने आधिकारिक पत्र जारी करते हुए प्रोफैसर सिकंदर कुमार को इस पद के लिए आमंत्रित किया है। हिमाचल प्रदेश व अन्य राज्यों के खेल प्रेमियों ने इस नियुक्ति का स्वागत किया है। गौरतलब है कि भारतीय ग्रैपलिंग संघ विश्व की सबसे बड़ी कुश्ती संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रैसलिंग से मान्यता प्राप्त है।

माकपा

चेस्टर हिल जमीन मामले को लेकर माकपा ने प्रदेश सरकार से कार्यकारी मुख्य सचिव संजय गुप्ता को तुरंत पद से हटाने की मांग दोहराई है। सीपीआईएम के राज्य सचिव संजय चौहान ने आज शिमला में कहा कि मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस टू करप्शन की बात करते हैं, लेकिन मुख्य सचिव पर लगे आरोपों पर मंत्रियों सहित पूरी सरकार खामोश है। उन्होंने कहा कि चेस्टर हिल मामला बहुत गंभीर है और इसकी निष्पक्ष जांच के लिए मुख्य सचिव को तुरंत पद से हटाया जाना चाहिए। बाईट..संजय

बायोमीट्रिक अपडेट

प्रदेश के सभी स्कूलों में 20 अप्रैल से अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट शिविर आयोजित करवाएं जाएंगे। इसका उद्देश्य उन बच्चों के आधार का अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट करवाना है जिन्होंने 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है।

यह शिविर डिजिटल टेक्नोलॉजिज एंड गवर्नेंस, स्कूल शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाएं जाएंगे। ये शिविर जिला–वार चरणबद्ध ढंग से सरकारी और निजी विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।

विनय कुमार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि पंचायती राज संस्थाओं व नगर निकाय चुनावों में पार्टी विचारधारा से जुड़े लोगों को आगे आने का मौका दिया जाएगा। आज शिमला में उन्होंने कहा कि इन चुनावों के लिए युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों पर किये गए मंथन की जानकारी देते हुए विनय कुमार ने कहा कि सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिये बहुमूल्य सुझाव दिए हैं।

टीकाकरण

प्रदेश में सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सोलन जिला में अभी तक पांच सौ 28 किशोरियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय पाठक ने बताया कि जिले में करीब 7 हजार किशोरियों को ये वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने सभी पात्र किशोरियों से वैक्सीन लगवाने और भ्रातियों से दूर रहने का आग्रह किया। .....बाईट...अजय पाठक....

उधर सिरमौर जिला में अब तक एक हजार 2 सौ से अधिक बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है।